विरोध

बरही थाना क्षेत्र कुदरेही गांव की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

नवभारत, कटनी। जिले में अवैध शराब के बढ़ते कारोबार के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीण महिलाओं के कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम कुदरेही और आसपास की दर्जनों महिलाओं ने कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गांव में खुलेआम बिक रही अवैध शराब पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा से मुलाकात कर एसपी और कलेक्टर के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने मांग की है कि बरही क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध शराब के ठिकानों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं मुन्नीबाई साहू ने गांव के ही कुछ

प्रभावशाली व्यक्तियों पर अवैध शराब बिक्री का सीधा आरोप लगाया है। महिलाओं द्वारा दी गई लिखित शिकायत में स्पष्ट रूप से राधे गिरि गोस्वामी, रोशन चौधरी और उमेश साहू पर शराब का अवैध कारोबार करने का आरोप लगाया गया है। महिलाओं ने बताया कि गांव में खुलेआम शराब अवैध रूप से बेची जा रही है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने बरही थाने में कई बार इन अवैध गतिविधियों की शिकायत की है, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पुलिस की इसी निष्क्रियता के कारण शराब तस्करों के हौसले बुलंद हैं। महिलाओं ने गांव के बिगड़ते हालातों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कह कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता के कारण गांव के युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं और अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। नशे में धुत असामाजिक तत्व गांव की लड़कियों और महिलाओं के साथ छेड़खानी और अभद्रता कर रहे हैं। क्षेत्र में नशे की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। गौरतलब है कि जिले में अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में यह दूसरी बड़ी घटना है जब महिलाएं इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरी हैं। इससे पहले स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र की महिलाएं अवैध शराब की बोतलें लेकर एसपी कार्यालय के बाहर पहुंची थी। बावजूद इसके ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ठोस कार्रवाई नहीं होने शराब का अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद है।

मतदाता सूची में पात्र युवाओं का नाम जोड़ने लगेंगे शिविर

नवभारत, कटनी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर और कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए जिले की 93 मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 10 जनवरी को मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में दो दिवसीय विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। इन दो दिनों में विधानसभा क्षेत्र के शासकीय तिलक कॉलेज, शासकीय कन्या कॉलेज, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय आईटीआई, कटनी डिग्री कॉलेज, कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज, बारडोली कॉलेज लखेरा, टेवाईट कॉलेज, पिपरौंध, शासकीय उमावि पहाड़ी निवार, शासकीय उमावि कन्हवारा, हरदुआ अन्य स्कूल में शिविर लगाए जाएंगे।

मंदिरों में चोरी के विरोध में बजरंग दल ने घेरा थाना

एएसपी को ज्ञापन सौंपकर की गई कार्रवाई की मांग

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों के विरोध में शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली थाने का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नारेबाजी की और हनुमान चालीसा का पाठ कर अपना विरोध जताया। दोपहर में काफी संख्या में बजरंग दल के सदस्य थाने पहुंचे और मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। लगभग 40 मिनट तक चले इस प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मंदिरों की सुरक्षा नहीं सुनिश्चित की गई और धर्मांतरण के मामलों पर रोक नहीं लगी, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। कोतवाली थाने के घेराव प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एएसपी संतोष कुमार डेहरिया कोतवाली थाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनकारियों की शिकायतों को सुना और कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान एएसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि शहरी क्षेत्र के कुछ मंदिरों के ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। एएसपी ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। जल्द ही मंदिरों में चोरी करने वाले बदमाशों को पकड़ा जाएगा।

एक नजर में

आज जिले के प्रवास पर रहेंगे कांग्रेस के सह प्रभारी

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी चंदन यादव शनिवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां स्थानीय सर्किट हाउस में ठहरेंगे। कांग्रेस नेता चंदन यादव जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी चंदन यादव शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे जिला मुख्यालय के आस्था पैलेस स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 1 बजे से जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन के संबंध में चर्चा करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी चंदन यादव दोपहर बजे से 1 बजे तक समन्वय समिति और ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। एक से डेढ़ बजे के बीच पार्षद दल की बैठक में शामिल होंगे। डेढ़ बजे से तीन बजे तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सहित सभी विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को उपस्थिति रहने के लिए कहा गया है।

जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन की बैठक 12 को

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन की बैठक सोमवार 12 जनवरी को शाम साढ़े 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने सभी शासकीय और अशासकीय सदस्यों को बैठक के लिए एजेंडा कार्यालय को उपलब्ध कराने और बैठक में उपस्थित होने कहा है।

साले और ससुर ने दामाद को मारी चाकू, हालत गंभीर

जिला अस्पताल में किया जा रहा इलाज, मामला दर्ज

नवभारत, कटनी। कोतवाली थाने की बस स्टैंड पुलिस चौकी अंतर्गत क्षेत्र में पिता -पुत्र ने मिलकर दामाद पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। दामाद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र निवासी लव कुशवाहा (32) का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। उनकी पत्नी पिछले छह महीने से कटनी स्थित अपने मायके में रह रही थीं। ससुराल पक्ष उन्हें वापस भेजने को तैयार नहीं था। शुक्रवार को लव

किसी निजी कार्य से कटनी आया था। इसी दौरान वो अपनी पत्नी के संबंध में बात करने और उसकी जानकारी लेने अपने ससुर रामदास कुशवाहा के बस स्टैंड स्थित होटल पहुंचे। वहां बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर ससुर रामदास कुशवाहा और साले छोटू कुशवाहा ने लव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पिता-पुत्र ने चाकू निकालकर लव पर हमला कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना के दौरान आस-पास के लोग मौजूद थे। सूचना मिलने पर बस स्टैंड चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल लव को ऑटो से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायल लव कुशवाहा का इलाज किया जा रहा है।

इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत पर दर्ज करें गैर इरादतन हत्या का मामला

कांग्रेस के आयोजित इंदिरा ज्योति समारोह कार्यक्रम में प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

नवभारत, कटनी। इंदिरा ज्योति समारोह के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जनहित से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व सांसद और मप्र प्रभारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री राजेंद्र मिश्रा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, मुख्य समन्वयक शैलेन्द्र श्रीवास्तव और राष्ट्रीय समन्वयक भास्कर राव रोकड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की ज्वलंत समस्याओं पर खुलकर बात रखी। इंदौर में दूषित पानी पीने से 20

निर्दोष नागरिकों की मौत को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की और इसे प्रशासनिक लापरवाही और असंवेदनशीलता का परिणाम बताया। नेताओं ने मांग की कि दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो, पीड़ित परिवारों को सम्मानजनक मुआवजा मिले और निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। साथ ही इंदिरा गांधी के विचारों, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब, कमजोर और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। इंदिरा जी के आदर्श आज भी कांग्रेस की नीति और नीयत का आधार हैं। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, वीरेंद्र द्विवेदी, हरिशंकर शुक्ल, रामनरेश त्रिपाठी, बीएम तिवारी, राकेश जैन, रजनी वर्मा, राजा जगवानी, शैलेन्द्र शुक्ला, राजेश जाटव, जितेंद्र गुप्ता, अजय जैसवानी, रंजीत सिंह, राकेश गुड्डू द्विवेदी, प्रेम बत्रा, मुकेश परौहा, सुशील जायसवाल, मुन्ना कुशवाहा, श्याम पाहुजा, संजय गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यातायात पुलिस ने शिविर में कराई स्कूल बस चालकों की आंखों की जांच

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत आयोजन

नवभारत, कटनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2026 अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा स्कूल बस चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में आयोजित किए गए शिविर में जिले के सरकारी और निजी स्कूलों के 100

से अधिक स्कूल बस चालकों की जांच की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा चालकों की आंखों की जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने दृष्टि दोष, आंखों की नियमित देखभाल और सुरक्षित वाहन संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। साथ ही चालकों को समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी गई। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूल बस चालकों की शारीरिक और दृष्टि संबंधी सक्षमता सुनिश्चित करना है, ताकि दृष्टि दोष के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके। यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। स्कूलों में जाकर छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। यातायात नियमों के पालन करने और हेलमेट की अनिवार्यता के फायदे बताए जा रहे हैं।

आठ साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने दबोचा

नवभारत, बाकल। जिले के बाकल थाना क्षेत्र में कांबिंग गश्त के दौरान गंभीर मामले में 8 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि कांबिंग गश्त के दौरान बाकल थाने में दर्ज आपराधिक मामले के आरोपी फरार वारंटी साड़ा गांव निवासी कलुआ साहू को गिरफ्तार किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी शिवा पाठक, एएसआई बृजेंद्र उरमलिया, अजय सिंह, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, आरक्षक कमलकांत की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गइ है।

आठ महीनों से नहीं किया गया एरियर्स का भुगतान

राज्य शिक्षा संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

नवभारत, कटनी। जिले में शुक्रवार को राज्य शिक्षा संयुक्त मोर्चा ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों और विभागीय उदासीनता के विरोध में धरना दिया। शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपकर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। धरने पर बैठे शिक्षक नेताओं ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिले के

सैकड़ों शिक्षक 12 वर्षीय क्रमोन्नति के लाभ से वंचित हैं। यह शिक्षकों की प्रमुख मांगों में से एक है। शिक्षकों का आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जिन शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी किए जा गए हैं और जिनका अनुमोदन कोष और लेखा, जबलपुर से भी हो गया है, उन्हें भी पिछले आठ महीनों से एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है। आहरण संवितरण अधिकारियों पर लापरवाही और उदासीनता का आरोप लगाया है।

12 को युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत, कटनी। युवाओं और नागरिकों को स्वास्थ्य, योग और राष्ट्रीय चेतना के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने के लिए सोमवार 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, माधवनगर के प्रांगण में शिक्षा विभाग द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। छात्रों, जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा गया है।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी में शुक्रवार को पीएम श्री विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन में पूरे विकास-खंड के स्कूलों के छात्र शामिल हुए। प्रदर्शनी में मूल्यांकनकर्ता शिक्षक जितेन्द्र चौहान, जितेंद्र गुप्ता ने सभी प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद किया। इस प्रदर्शनी में रीठी के बीआरसी योगेश तिवारी, प्राण सिंह ठाकुर, केके गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, प्रदीप ज्योतिषी, अनुराग बर्मन, कुलदीप

विश्कर्मा सहित अन्य स्कूलों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए। प्रदर्शनी कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों और शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था पीएमश्री विद्यालय प्रबंधन द्वारा कराई गई।

कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला- कटनी (म.प्र.)

फोन नं. 07622-274220 मेल - cmobarhi@mpurban.gov.in

क्रं. 3107/NP/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** बरही, दिनांक :- 09/01/2026

कार्यालय नगर परिषद, बरही अंतर्गत जेम पोर्टल पर केन्द्रीकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये www.gem.gov.in आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

सं. क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि
01.	GEM/2026/B/7073784	Welcome gate ACP work office of Municipal Council Barhi As per attached specification	15 दिवस अनुमानित लागत 350000.00	15000.00	10/02/2026
02.	GEM/2026/B/7073369	Welcome gate ACP work office building As per attached specification	15 दिवस अनुमानित लागत 300000.00	10000.00	10/02/2026

शर्तें :- 1. निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि आनलाईन वेबसाईट https://www.gem.gov.in में देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र आनलाईन जमा करने की दिनांक 09.01.2026 समय 10.30 बजे से 10.02.2026 समय 17.30 बजे तक जमा किये जा सकते है। 3. किसी भी प्रकार का शंसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.gem.gov.in सिर्फ वेवसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद बरही

सम्मेलन

संयुक्त मोर्चा के वार्षिक सम्मेलन, नववर्ष मिलन के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

शासकीय सेवा में आकर हम सभी को मिला है समाज के विकास और कल्याण का अवसर

नवभारत, कटनी। शासकीय सेवा में आकर हम सभी को समाज के विकास और कल्याण का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए सभी को सक्रियता से योगदान देकर अपनी अपनी जिम्मेदारी का निभाना है जिससे समाज में लोगो को शासन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से मिल सके जिससे समाज में सरकारी अमले के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो। ये बातें कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन नववर्ष मिलन के कैलेंडर विमोचन के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि

एडीएम नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विकी उईके, ज्योति लिलहारे की मौजूदगी रही। एडीएम नीलांबर मिश्रा ने बेहतर समन्वय और पहल की तारीफ करते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी सरकार और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी अपनी वाजिब समस्याएं मेरे सामने रख सकते हैं। संयुक्त पटेल, डिप्टी कलेक्टर विकी उईके, ज्योति लिल्हारे ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण विकास और जनहित की योजनाओं को जमीन पर क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समन्वय के साथ कार्य करने से योजनाएं आसानी से धरातल पर उतरती है। वहीं कर्मचारी बेहतर ढंग से अपनी बात अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट से रख सकेंगे। कोई भी कर्मचारी मेरे समक्ष वाजिब समस्याएं रख सकते है। संयुक्त मोर्चा संस्थापक सरमन तिवारी ने मोर्चा का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही जिलाध्यक्ष आरके बत्रा, सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा और अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्षों ने मंचासीन अतिथियों के साथ मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बैच लगाया और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका निधि चतुर्वेदी ने और आभार प्रदर्शन एडीएम के स्टेनो हरप्रीत सिंह लकी ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम में राज्यकर्मचारी संघ रजनीश विश्वकर्मा, संजय अग्रवाल, श्रीकांत शुक्ला, राजपत्रित संघ डॉ मनीष मिश्रा, महाविद्यालयीन संघ अजय कुरारिया, तहसीलदार संघ आशीष अग्रवाल, राजस्व लिपिक संघ सुनील मिश्रा, दीप्ती सिंह, सपना गुप्ता, निमिषा मिश्र, डब्लूसीआरएमएस एसएन शुक्ला, तृतीय श्रेणी व पंचायत समन्वय अधिकारी संघ अवधेश दहिया सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024